

श्रेयस अय्यर केकेआर के एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। यह देखना अच्छा है कि बैटिंग का सारा बोझ श्रेयस के ऊपर नहीं है। नितीश राणा और रिंकू सिंह के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए वह आज़ादी के साथ बल्लेबाज़ी कर सकते हैं और बड़े शॉट लगा सकते हैं। – सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, श्रेयस अय्यर के बारे में।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ एच.एस. प्रणय



टखने में चोट के बाद भी अपने करियर की सबसे यादगार जीत में से एक दर्ज करने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हार न मानने की मानसिकता ने उन्हें थॉमस कप सेमीफाइनल में डेनमार्क पर शानदार जीत के दौरान प्रेरित किया। प्रणय ने निर्णायक एकल मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को यहां डेनमार्क पर 3-2 से जीत के साथ इतिहास रच दिया। भारतीय टीम पहली बार थॉमस कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

**क्या आप जानते हैं ?...** एकदिवसीय मैच में पहला शतक 1972 में इंग्लैंड के डेनिस एमिस ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्द ओल्ड ट्रेफर्ड में बनाया था (134 गेंदों पर 103 रन)।

# हैदराबाद पर जीत से कोलकाता की प्लेऑफ की उम्मीदें कायम

पुणे, 14 मई। आंद्रे रसेल की 28 गेंदों पर चार छक्कों से सजी नाबाद 49 रन की तूफानी पारी और 22 रन पर तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को करो या मरो के आईपीएल मुकाबले में शनिवार को 54 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। कोलकाता ने 20 ओवर में छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और हैदराबाद को आठ विकेट पर 123 रन पर रोक दिया। कोलकाता की 13 मैचों में यह छठी जीत है और उसके 12 अंक ही गए हैं और वह छठे स्थान पर पहुंच गयी है । दूसरी तरफ हैदराबाद को 12 मैचों में सातवीं हार का सामना करना पड़ा है और वह आठवें स्थान पर खिसक गयी है।

सातवें नंबर पर खेलने आये रसेल ने 28 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 49 रन ठोके और कोलकाता को एक लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया जो अंत में मैच विजयी साबित हुआ। रसेल ने अपने चार में से तीन छक्के तो ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुन्दर के पारी के आखिरी ओवर में मारे। उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का उड़ाकर पारी का समापन किया। रसेल ने सैम बिलिंग्स के साथ छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। बिलिंग्स ने 29 गेंदों पर 34 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया।



### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेंकटेश अय्यर बो यानसेन | 07 | 6 | 1 | 0 |
| अजिंक्य रहाणे का शशांक बो उमरान | 28 | 24 | 0 | 3 |
| नितीश राणा का शशांक बो उमरान | 26 | 16 | 1 | 3 |
| श्रेयस अय्यर का त्रिपाठी बो उमरान | 15 | 9 | 2 | 0 |
| बिलिंग्स का विलियमसन बो भुवनेश्वर | 34 | 29 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह बो नटराजन | 05 | 6 | 0 | 0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 49 | 28 | 3 | 4 |
| सुनील नारायण नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : | 12 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में, छह विकेट पर 177 रन
**विकेट पतन :** 1-17, 2-65, 3-72, 4-83, 5-94, 6-157
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-1, यानसेन 4-0-30-1, नटराजन 4-0-43-1, वाशिंगटन 4-0-40-0, उमरान 4-0-33-3

| सनराईजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का बिलिंग्स बो वरुण | 43 | 28 | 4 | 2 |
| विलियमसन बो रसेल | 9 | 17 | 1 | 0 |
| त्रिपाठी का और बो साउदी | 9 | 12 | 1 | 0 |
| मार्कराम बो उमेश | 32 | 25 | 0 | 3 |
| पूरन का और बो नरेन | 2 | 3 | 0 | 0 |
| शशांक का श्रेयस बो साउदी | 11 | 12 | 1 | 0 |
| जेनसन का बिलिंग्स बो रसेल | 1 | 2 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर नाबाद | 0 | 7 | 1 | 0 |
| उमरान मलिक नाबाद | 3 | 5 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : | 3 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में 8 विकेट पर 123 रन
**विकेट पतन :** 1-30, 2-54, 3-72, 4-76, 5-99, 6-107, 7-113, 8-113
**गेंदबाजी :** उमेश 4-0-19-1, साउदी 4-0-23-2, नरेन 4-0-34-1, रसल 4-0-22-3, वरुण 4-0-25-1

# थॉमस कप फाइनल में इतिहास रचने उतरेगा भारत

बैंकॉक, 14 मई। क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल में मलेशिया और डेनमार्क को हराकर विजय रथ पर सवार भारतीय बैडमिंटन टीम रविवार को फाइनल में इंडोनेशिया के खिलाफ इतिहास रचने उतरेगी। भारत ने शुक्रवार को इतिहास रचते हुए डेनमार्क को 3-2 से हराकर थॉमस कप के फाइनल में पहली बार जगह बनाई है ।

भारत इस सीज़न में सिर्फ चीनी ताइपे के खिलाफ एक मैच हारा है, जबकि 14-बार का चैंपियन इंडोनेशिया एक भी मैच नहीं हारा और नॉकआउट मुकाबलों में चीन व जापान को हराकर फाइनल में पहुंचा है। भारत को फाइनल तक पहुंचाने में किदांबी श्रीकांत और एच एस प्रणय ने पांच मैच जीतकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी ज़रूरत पड़ने पर भारत को युगल मैचों में जीत दिलायी है।

मलेशिया और डेनमार्क के विरुद्ध अपने मैच हारने वाली कृष्णा प्रसाद गरगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की जोड़ी भारत की कमज़ोर कड़ी रही है। मुमकिन है कि टीम प्रबंधन फाइनल में इनकी जगह एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला को जगह दे। दूसरी तरफ़, विश्व के नंबर नौ शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिनों में विषाप्त भोजन का शिकार होने के बावजूद अच्छा प्रदर्शन दिखाया है।

पिछले रिकॉर्ड को ध्यान में रखा जाये तो लक्ष्य को फाइनल में विश्व के नंबर चार खिलाड़ी एंथनी सिनिसुका जिनटिंग के खिलाफ खिलाया जा सकता है, क्योंकि उन्होंने मार्च में हुए जर्मन ओपन में जिनटिंग को सीधे मुकाबलों में मात दी थी।

श्रीकांत को विश्व के नंबर आठ खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ खेलने के लिये भेजा जा सकता है, क्योंकि वह आमने-सामने के नौ मुकाबलों में क्रिस्टी को पांच बार हरा चुके हैं। श्रीकांत को क्रिस्टी के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में बहुत न्यूनतम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था, जिसका बदला लेने के लिये वह उत्सुक होंगे।

अगर फाइनल आखिरी मैच तक जाता है तो पिछले मैच में चोटिल हुए प्रणय को विश्व के नंबर 24 खिलाड़ी शेसर हिरेन रुस्ताविटो के खिलाफ उतारा जा सकता है। प्रणय को एड़ी में मोच आई थी, जो उनके लिये फाइनल मुकाबले में समस्या का कारण बन सकता है। गौरतलब है कि प्रणय शेसर को दो बार हरा चुके हैं, हालांकि यह मुकाबले पांच साल पहले हुए थे और तब से दोनों आमने-सामने नहीं आये हैं।

इंडोनेशिया केविन संजय सुकामुलजो, मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान जैसे युगल खिलाड़ियों के दम पर जीत दर्ज करता आया है, हालांकि भारत भी इनसे मुकाबला करने के लिये चिराग और सात्विक पर भरोसा कर सकता है। चिराग-सात्विक की भारतीय जोड़ी 2018 एशिया टीम चैंपियनशिप में सुकामुलजो और अहसान को हरा चुकी है।

# विश्व मुक्केबाजी के क्वार्टरफाइनल में पहुंची नीतू और मनीषा

नयी दिल्ली, 14 मई। भारत की नीतू ने शनिवार को 48 किग्रा भार वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पेन की मार्टा लोपेज डेल अर्बोल को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराकर तुर्की के शहर इस्तांबुल में जारी 12वीं आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। नीतू के बाद 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य विजेता मनीषा (57 किग्रा) ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली।

पहले राउंड में नीतू ने सावधान शुरुआत की और मार्टा के मुक्कों के बचती रहीं लेकिन एक मिनट बीतने के बाद वह हावी हो गईं और बेहतरीन फुटवर्क के साथ सही समय पर जबरदस्त पंच मारकर सभी जजों को प्रभावित करने में सफल रहीं।दूसरे राउंड में मार्टा ने वापसी की जोरदार कोशिश की लेकिन नीतू अपनी लय पर कायम रहीं औऱ अच्छे बचाव के साथ जोरदार घूंसे लगाती रहीं। इस राउंड में भी वह सभी जजों को प्रभावित करने में सफल रहीं। तीसरे राउंड में भी यही आलम रहा। नीतू ने मार्टा को हावी होने का कोई मौका नहीं दिया और सर्वसम्मत फैसले के साथ विजेता घोषित हुईं। क्वार्टर फाइनल में नीतू का सामना सोमवार को कजाकिस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा से होगा, जिन्होंने सर्बिया की स्नेजाना सिलजकोविच को हराया। बाद में मनीषा (57 किग्रा) ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बुल्गारिया की स्वेतलाना स्टानेवा को 4-1 से हराया। मनीषा का अगले दौर में सामना युवा विश्व कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की नामुन मोनखोर से सोमवार को होगा।

# स्टंप्स से गेंद के टकराने पर बल्लेबाज को दिया जाए आउट : युजवेंद्र चहल

मुम्बई, 14 मई। लेग स्पिनर युज़वेंद्र चहल पूर्व क्रिकेटर और अब कमेंटेटर बन चुके संजय मांजरेकर की इस दलील से पूरी तरह से सहमति रखते हैं कि अग़र गेंद स्टंप्स से टकराती है और गिल्लियों की बत्ती जलती है लेकिन वह गिरती नहीं हैं तब भी बल्लेबाज़ को आउट दिया जाना चाहिए।

ऐसी स्थिति दिल्ली कैपटिल्स के ख़िलाफ़ खेले राजस्थान रॉयल्स के पिछले मुक़ाबले में आई थी, जब चहल के पहले ओवर की अंतिम गेंद पर डेविड वॉर्नर लेग ब्रेक से गच्चा खा गए थे और गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई थी। हालांकि गिल्लियां नहीं गिरी और वॉर्नर ने 52 रनों की पारी खेली। जिस वक़्त यह घटनाक्रम हुआ उस वक़्त वॉर्नर 22 रन के निजी स्कोर पर खेल रहे थे।

चहल ने गुरुवार को ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो से इस मसले पर चर्चा करते हुए कहा, ''चूंकि मेरे साथ ऐसा पहली बार हुआ था इसलिए मैं भी यह देखकर दंग था कि गेंद के स्टंप्स से टकराने के बावजूद गिल्लियां नहीं गिरी। अग़र मैच के नाज़ुक मोड़ पर ऐसी चीज़ें घटित होती हैं वह भी तब जब वॉर्नर जैसा बल्लेबाज़ सामने हो जो कि ख़ुद ज़्यादा मौक़े नहीं देते। अग़र



वह आउट होते तो निश्चित तौर पर मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था।''

योजना काम कर गई थी, चहल और संजू सैमसन ने जश्न मनाना भी शुरु कर दिया था लेकिन जल्द ही उन्हें मजबूरन अपना जश्न रोकना पड़ा। मैच के अधिकारी एलईडी स्टंप्स की तकनीक की तीन तरह की स्थिति में मदद लेते हैं, बोल्ड, रन आउट और स्टंप आउट। मौजूदा नियमों के मुताबिक बल्लेबाज़ को आउट करार देने के लिए गिल्लियों का स्टंप्स से गिरना ज़रूरी है। हालांकि एलईडी लाइट्स तभी चमकती हैं जब एक या दोनों बेल्स पर दोनों स्पाईगोट्स खांचे से हट जाते हैं, लेकिन वह वापस स्टंप्स पर बैठ भी सकते हैं। बुधवार को कुछ ऐसा ही हुआ, बायीं गिल्ली स्टंप्स के खांचे से निकल आई, कुछ पल के लिए बत्ती भी जली लेकिन वह वापस बैठ गई।

वॉर्नर ने मैच के बाद चुटीले अंदाज़ में कहा कि क़िस्मत उनके साथ थी। उन्होंने कहा, ''आप ट्रेनिंग के दौरान कठिन परिश्रम करते हैं और आप अपनी क़िस्मत ख़ुद बनाते हैं और आज भाग्य मेरे साथ था।'' मिचेल मार्श के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, ''स्पिनर्स तब शिकायत करते हैं जब गेंद स्पिन नहीं करती और वह तब भी शिकायत करते हैं जब गेंद स्पिन नहीं करती। यह उन चीज़ों में था जहां स्टंप्स ज़मीन में जाम हो गए थे।''

चहल ने कहा कि वह नियम का सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही वह इसमें बदलाव किए जाने के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा, ''हम ऐसा कर सकते हैं क्योंकि मैच के निर्णायक क्षण में या किसी महत्वपूर्ण और फ़ाइनल मुक़ाबले में आपको मैच गंवाने की कीमत चुकानी पड़ सकती है। यह ज़ाहिर तौर पर गेंदबाज़ी टीम को नुकसान पहुंचाने योग्य है।''

बुधवार को क्रिकइंफो के टी20 टाइम आउट पर बात करते हुए मांजरेकर ने कहा था कि इन दिनों एलईडी स्टंप का व्यापक रूप से उपयोग किए जाने को देखते हुए बेल्स को ''अनावश्यक'' बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह एक विकेट होता, जो चहल के लायक होता, जिन्होंने शानदार गेंदबाज़ी की थी।यह वार्नर के एक ख़राब शॉट के बावजूद चहल को विकेट नहीं मिला। जब तक यह एक सौंदर्य मूल्य नहीं जोड़ रहा है तो उन्हें बस बेल से छुटकारा पाना चाहिए क्योंकि यह एलईडी तकनीक के साथ पूरी तरह से बेमानी हैं।''

हालांकि रवि शास्त्री इस मसले पर पारंपरिक सोच के साथ जाते हैं और इस नियम को जस का तस रहे जाने की वक़ालत करते हैं जो कि इसलिए लाया गया था ताकि मैच अधिकारी यह निर्णय कर सकें कि गेंद स्टंप्स से टकराई थी या नहीं। गुरुवार को उन्होंने कहा था , ''मान लीजिए मैं एक फ़ॉरवर्ड डिफेंस शॉट खेलता हूं और गेंद लुढ़कती हई बेहद धीमी गति से स्टंप्स से टकरा जाती है और गिल्लियां नहीं गिरती हैं।

# पीसीबी ने कहा, श्रीलंका दौरे पर जाएगा पाक

कराची, 14 मई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को आश्वासन दिया है कि देश में मौजूदा अव्यवस्था के बावजूद उन्हें जुलाई-अगस्त में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वहां का दौरा करने में कोई समस्या नहीं है। पीसीबी अधिकारी ने कहा, ''हम हमेशा श्रीलंका क्रिकेट का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, मुश्किल के समय में भी। हमें टेस्ट श्रृंखला के लिए देश का दौरा करने में कोई समस्या नहीं है।'' देश में मौजूदा अनिश्चित राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के कारण एसएलसी को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और सरकार के खिलाफ देश की सड़कों पर रोजाना हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान से पहले श्रीलंका का दौरा करना था लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और इसी के आधार पर अंतिम फैसला करेंगे। दूसरी तरफ पीसीबी अधिकारी ने कहा है कि फैसला श्रीलंका क्रिकेट को करना है और पाकिस्तान उनकी बात मानेगा। श्रीलंका को अब तक के सबसे बदतर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है और स्थानीय लोगों को सिर्फ 12 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है जबकि ईंधन की भी बेहद कमी है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जुलाई-अगस्त में श्रृंखला खेलने से इनकार नहीं करेगा। अधिकारी ने कहा, ''एसएलसी को जो भी फैसला सर्वश्रेष्ठ लगेगा हम उसे स्वीकार करेंगे, फिर चाहे यह श्रीलंका में खेलना हो या तटस्थ स्थल पर।'' पाकिस्तान को दौरे पर तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेले थे लेकिन एसएलसी ने पीसीबी से सीमित ओवरों के मुकाबले नहीं खेलने का आग्रह किया क्योंकि वे लंका प्रीमियर लीग की शुरुआत एक हफ्ता पहले करना चाहते थे।

# प्लेऑफ के लिए राजस्थान को लखनऊ के खिलाफ चाहिए जीत

मुम्बई, 14 मई। राजस्थान रॉयल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट के 63वें मैच में हर हाल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वह प्लेऑफ की अपनी दावेदारी को पुख्ता कर सके। लखनऊ के 12 मैचों से 16 अंक हैं और वह तालिका में दूसरे स्थान पर है। इस मुकाबले में जीत लखनऊ को प्लेऑफ में पहुंचा देगी जबकि हारने की सूरत में उसे फिर अपना आखिरी मैच जीतना पड़ेगा।

राजस्थान को यह मुकाबला जीतने के लिए सबसे पहले लखनऊ के कप्तान केएल राहुल को काबू करना होगा। राहुल 12 पारियों में 459 रन के साथ इस सीज़न में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। राजस्थान रॉयल्स उनकी पसंदीदा विपक्षी टीमों में से एक हैं, जिनके ख़िलाफ़ उन्होंने 12 मैचों में 134.18 के स्ट्राइक रेट से 530 रन बनाए हैं। पिछली बार जब वह ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले थे, तो उन्होंने मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ भी 60 गेंदों में नाबाद 103 रन बनाए थे।

राजस्थान के सलामी बल्लेबाज इंग्लैंड के जॉस बटलर ने इस सीज़न के 12 मैचों में 149.88 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 625 रन बनाए हैं। हालांकि पिछली कुछ पारियों में उनका बल्ला नहीं चला है इसलिए भी इस मैच में उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद है। पिछली बार जब वह ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले थे, तब उन्होंने केकेआर के ख़िलाफ़ 61 गेंदों में 103 रन बनाए थे।

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने इस सीज़न में 155.71 की स्ट्राइक रेट से 12 मैचों में 327 रन बनाए हैं। उन्होंने इस सीज़न में स्पिनरों के ख़िलाफ़ सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं। लखनऊ के दीपक हुड्डा ने इस साल 12 मैचों में 130.94 के स्ट्राइक रेट से 347 रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर पदोन्नत होने के बाद से उनका स्कोर 34, 52, 41 और 27 रहा है। राजस्थान के ख़िलाफ़ पिछले मैच में उन्होंने 28 गेंदों में 64 रन का अपना सर्वश्रेष्ठ आईपीएल स्कोर बनाया था, जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल थे।

राजस्थान के 20 वर्षीय सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल वापसी के बाद से अच्छी फ़ॉर्म में हैं। यशस्वी की 41 गेंदों में 68 रनों की पारी से ही राजस्थान, पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ 189 रनों का स्कोर पीछा कर पाया था। इस सीज़न में स्पिन के ख़िलाफ़ 20 गेंदों में उन्होंने बिना विकेट खोए 165 की स्ट्राइक रेट से 33 रन बनाए हैं। उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली तेज़ गेंदबाज़ों में से एक मोहसिन खान ने छह मैचों में दस विकेट लिए हैं। इस सीज़न उनके नाम सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी (5.19) और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत (10.90) का रिकॉर्ड दर्ज है।

# आईपीएल में 6500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने विराट

मुंबई, 14 मई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली हालांकि खराब दौर से गुजर रहे हैं लेकिन उन्होंने शुक्रवार को इतिहास रचते हुए आईपीएल में अपने 6500 रन पूरे किये। वह ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। कोहली के ठीक पीछे पंजाब किंग्स के शिखर धवन हैं जिन्होंने आईपीएल में 6186 रन बनाये हैं। इस सीज़न से पहले कोहली को यह कीर्तिमान रचने के लिये 217 रन की आवश्यकता थी। खराब फॉर्म से जूझ रहे किंग कोहली को यह रन बनाने में कुल 13 मैच लगे।इस सीज़न में कोहली तीन बार पहली गेंद पर आउट हो चुके हैं।

# 44वें ओलंपियाड के लिये शतरंज महासंघ ने सरकार से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

चेन्नई, 14 मई। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष संजय कपूर और सचिव भरत सिंह चौहान ने चेन्नई में 28 जुलाई से 10 अगस्त के बीच होने वाले 44वें चेस ओलंपियाड के लिये तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। एआईसीएफ ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। एआईसीएफ के अध्यक्ष संजय कपूर ने इस बारे में कहा, यह ओलंपियाड के आसान और सफ़ल कार्यान्वन में एक बड़ा कदम है। महासंघ के सचिव भरत चौहान ने कहा, योजना के अनुसार तैयारियां चल रही हैं। महाबलीपुरम में कार्यालय स्थापित किया गया है जहां एआईसीएफ की टीम लगातार काम कर रही है। भारत पहली बार विश्व की सबसे बड़ी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। 200 से ज़्यादा टीमों ने पहले ही ओलंपियाड के लिये पंजीकरण करवा दिया है।

# नि :स्वार्थी होने और खराब फॉर्म से जूझने में फर्क होता है : बेयरस्टो

मुम्बई, 14 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ख़िलाफ़ मैच में आने से पहले जॉनी बेयरस्टो के आईपीएल 2022 के आंकड़े आठ पारियों में 136 रन थे, जबकि उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ़ 117.24 का था। इन आंकड़ों को देखकर आपको लग सकता है कि बेयरस्टो के लिए यह टूर्नामेंट शायद ख़राब जा रहा है। लेकिन यह बल्लेबाज़ ख़ुद ऐसा नहीं सोचता।

बेंगलुरु के ख़िलाफ़ मैच में 29 गेंद पर 66 रन की मैच-जिताऊ पारी खेलने वाले बेयरस्टो ने कहा, ''नि:स्वार्थी होने और ख़राब फ़ॉर्म होने में फ़र्क होता है। मैं इस बात से ख़ुश हूं कि मुझे जो भूमिका दी गई, मैं उस पर टीम के लिए खरा उतरा। पहले मुझे फ़िनिशर बनाया गया और अब मैं टीम के लिए ओपनिंग करके ख़ुश हूं। ऊपर बल्लेबाज़ी करना मुझे हमेशा अच्छा लगता है।''

शुक्रवार को जो बेयरस्टो ने किया वह किसी सनसनी से कम नहीं है। उन्होंने पावरप्ले में 59 रन बनाए और बेंगलुरु के मुख्य गेंदबाज़ जॉश हेज़लवुड को निशाना बनाया। बेयरस्टो ने कहा, ''जब आपको अपने स्लॉट में गेंद मिलती है, तो आपको उसका फ़ायदा उठाना पड़ता है। अगर आप बाउंड्री लाइन पर कैच



आउट होते हैं या फिर बाहरी किनारा देकर पवेलियन लौटते हैं, तो भी कोई बात नहीं। अगर आपका अच्छा दिन होता है, तो ख़राब दिन भी होता है। आज अच्छा दिन था और मुझे ख़ुशी है कि हम पावरप्ले का फ़ायदा उठा पाए।''

उन्होंने आगे कहा, ''टूर्नामेंट में हमारी आगे बढ़ने की प्रक्रिया अलग है। भले ही हमारे विकेट लगातार गुच्छों में गिर रहे हों, लेकिन हम हमेशा आक्रमण के लिए जाते हैं। ऐसा हमेशा नहीं हो पाता है, लेकिन टूर्नामेंट के एक बड़े हिस्से के दौरान हमने ऐसा करने की कोशिश की है। अगर कोई एक या दो बल्लेबाज़ भी चल जाता है तो हमारी पारी बड़ी हो जाती है।'' बेयरस्टो के हमवतन और पंजाब के साथी बल्लेबाज़ लियाम लिविंगस्टन भी इससे सहमत नज़र आते हैं। शुक्रवार को उन्होंने भी 42 गेंदों में 70 रन बनाए। लिविंगस्टन ने कहा, ''हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं। जॉनी शानदार फ़ॉर्म में थे और उन्होंने हमारे लिए पारी का टोन सेट किया। उन्होंने विपक्षी टीम के सबसे प्रमुख गेंदबाज़ हेज़लवुड पर निशाना साधा। इससे हमें भी अपने हाथ आज़ादी से खोलने के मौक़े मिले।''

# टॉप-2 में जगह पक्की करने उतरेगा गुजरात

मुम्बई, 14 मई। प्लेऑफ में जगह बना चुकी और चोटी पर चल रही गुजरात टाइटंस की टीम रविवार को नौवें नंबर की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ ईपीएल के इस सीजन का 62वें मुकाबले में टॉप दो टीमों में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी। इस मुकाबले से प्लेऑफ़ पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। हालांकि दोनों ही टीमों के पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो कि मैच को दिलचस्प बना सकते हैं ।

देश भर में भीषण गर्मी ने वैसे ही कहर बरपा रखा है, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज़ ऋतुराज गायकवाड़ के गुजरात के गेंदबाज़ों के ख़िलाफ़ आंकड़े भी पारा बढ़ाने योग्य हैं। गुजरात के अधिकतर गेंदबाज़ों के सामने गायकवाड़ तूफ़ानी अंदाज़ में बल्लेबाज़ी करते हैं। उन्होंने शमी को छोड़कर अधिकतर गेंदबाज़ों के विरुद्ध 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

गायकवाड़ ने टी20 में लॉकी फ़र्ग्युसन (29 गेंदों पर 56), राशिद ख़ान (25 गेंदों पर 43), राहुल तेवतिया (16 गेंदों पर 31) और यश दयाल (12 गेंदों पर 22) के विरुद्ध क्रमश: 193, 172,194 और 183 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। राशिद, तेवतिया और यश उन्हें सिर्फ़ एक बार ही आउट कर पाए हैं। हालांकि वह शमी की 44 गेंदों पर 73 के स्ट्राइक रेट से 32 रन ही बना पाए हैं लेकिन शमी इस दौरान उन्हें एक बार भी आउट नहीं कर पाए हैं। अफ़गानी लेग स्पिनर राशिद खान की फिरकी दुनिया के अच्छे-अच्छे बल्लेबाज़ों को गच्चा देने का माद्दा रखती है। चेन्नई के हरफ़नमौला खिलाड़ी मोईन अली को भी राशिद के सामने अपनी लय की खोजबीन करने की ज़रूरत है क्योंकि आंकड़ों के मुताबिक राशिद टी20 में मोईन को तीन बार पवेलियन भेज चुके हैं। उन्होंने राशिद की 31 गेंदों का सामना करते हुए 129 के स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाए हैं।

टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भी राशिद को पढ़ने में कठिनाई होती है। वह टी20 मुक़ाबलों में राशिद की 32 गेंदों 72 के स्ट्राइक रेट से 23 रन ही बना पाए हैं। जबकि छह पारियों में से एक बार राशिद उनका विकेट भी ले चुके हैं। चेन्नई के ड्वेन ब्रावो के ऋद्धिमान साहा के ख़िलाफ़ आंकड़े काफ़ी अच्छे हैं। ब्रावो ने टी20 में हर बार ऋद्धि की परेशानी में वृद्धि की है। ब्रावो कुल तीन बार साहा को अपना शिकार बना चुके हैं, जबकि उनकी 36 गेंदों पर साहा ने 100 के स्ट्राइक रेट से 36 रन बनाए हैं। वहीं डेविड मिलर का ब्रावो के ख़िलाफ़ ट्रैक रिकॉर्ड उतना प्रभावित करने वाला नहीं है। ब्रावो टी20 में कुल चार मर्तबा मिलर को पवेलियन भेज चुके हैं। वहीं उन्होंने 16 पारियों में ब्रावो की 84 गेंदों का सामना करते हुए 114 रन बटोरे हैं।

हालांकि कप्तान हार्दिक पांड्या ब्रावो की गेंदों पर बख़ूबी प्रहार करते हैं। उन्होंने ब्रावो की 37 गेंदों पर 149 के स्ट्राइक रेट से 55 रन बनाए हैं। 9 पारियों में ब्रावो ने एक बार हार्दिक को पवेलियन भेजा है। जबकि राशिद ख़ान ने ब्रावो की 19 गेंदों पर 142 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए हैं। ऐसे में चेन्नई के डेथ ओवर विशेषज्ञ गेंदबाज़ राशिद और मिलर को कैसी गेंदबाज़ी करते हैं यह देखना दिलचस्प होगा। चेन्नई के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने इस सीज़न अपनी गेंदबाज़ी से सभी को प्रभावित किया है। वह जब भी पावरप्ले में विकेट झटकते हैं अपनी टीम को एक अच्छी स्थिति में पहुंचा देते हैं। इस सीज़न में वह पावरप्ले के दौरान वह सबसे ज़्यादा 11 विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं।

दूसरी तरफ़ महीश थीक्षना भी इस सीज़न में पावरप्ले के दौरान सबसे ज़्यादा 6 विकेट लेने वाले ऑफ़ स्पिनर हैं। वहीं पारी के अंतिम क्षणों में भी उनकी इकॉनमी लाजवाब है। 16

# ऑगर-एलियासेम को हराकर नोवाक जोकोविच नंबर एक पर लौटे

रोम, 14 मई। सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासेम को इटालियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में हराकर एटीपी लाइव रैंकिंग में पहले स्थान पर लौट आये हैं। जोकोविच ने शुक्रवार को ऑगर-एलियासेम को 7-5, 7-6(1) से हराया और 370वें हफ्ते के लिये पुरुष टेनिस के शीर्ष पर अपनी जगह सुनिश्चित की। जोकोविच ने क्वार्टरफाइनल जीतने के बाद कहा, मुझे लगा कि यह एक उच्च-स्तरीय मैच था। उन्होंने खेल का स्तर बढ़ाया और मुझे लगातार अच्छा खेल खेलना पड़ा। मुझे लगा कि मैं मैच बहुत जल्दी ख़त्म कर दूंगा, लेकिन मैच में वापसी करने के लिये उनको श्रेय देना होगा। इस हफ्ते की शुरुआत में 600 अंक गिरकर जोकोविच लाइव रैंकिंग चार्ट में मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन रूस के डेनियल मेदवेदेव से पीछे दूसरे नंबर पर खिसक गए थे। इटली की राजधानी में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 360 अंक जोड़कर जोकोविच ने अब शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। शनिवार को जोकोविच नॉवें के कैस्पर रूड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपनी 1000वीं टूर-स्तरीय जीत तलाश करेंगे।